तेरे नाम की मुरली

तेरे नाम की मुरली,
सुन ले ओ गोकुल के ग्वाले,
मैं गौरी हूँ तुम काले,
तू करे अपना काम साँवरे,
जपे क्यों मेरा नाम सांवरे

सुन ले ओ ब्रिज की छोरी,
तू लगती है चाँद चकोरी,
मैं तेरा हूँ गुलाम राधिके,
जपूँ मैं तेरा नाम राधिके

तेरे नाम की मुरली बजाता हूँ मैं,
तुमसे मिलने को मैं बरसाने आता हूँ,
तुम झूठे हो कान्हा छलिये बड़े,
मुझे सब है पता मेरे पीछे पड़े,
चाहे झूठा कहे ये ज़माना,
मैं हूँ तेरा बस तेरा दीवाना,
ना कर बदनाम राधिके,
मैं तेरा हूँ गुलाम राधिके,
जपूँ मैं तेरा नाम राधिके

सच कहता हूँ राधे, मेरी जान हो,
राधे तुम ही मेरे दिल, का अरमान हो,
तेरी बातों में कान्हा नहीं आऊंगी,
संग तेरे पनघट मैं नहीं जाऊंगी,
अब कैसे मैं तुझको बताऊँ,
दिल चीर के तुझको दिखाऊं,
तू ही मेरी जान राधिके,
ना कर बदनाम राधिके,
मैं तेरा हूँ गुलाम राधिके,
जपूँ मैं तेरा नाम राधिके।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21712/title/tere-naam-ki-murli

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |